अंतर इकाई सांस्कृतिक महोत्सव २०२५

हम सबके लिए यह अत्यंत ही गर्व का विषय है कि इस वर्ष अंतर इकाई सांस्कृतिक महोत्सव के आयोजन का शुभ अवसर पारादीप इकाई को प्राप्त हुआ है।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक उपयुक्त प्रतीक चिन्ह (LOGO) का चुनाव किया जाना है। सभी पात्र व्यक्तियों को लोगो डिजाइन करने और प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

<u>भागीदारी की पात्रता</u>

- इफको कर्मचारी, उनके आश्रित परिवार के सदस्य और पारादीप इकाई के इफको प्रशिक्षु।
- कर्मचारियों के आश्रित परिवार के सदस्य, जो पारादीप इकाई से ओमान/जॉर्डन आदि जैसे अन्य संयुक्त उद्‌यमों के ग्रहणाधिकार पर हैं।
- पारादीप इकाई से अन्य इकाइयों में स्थानांतरित कर्मचारियों के आश्रित, यदि उनका परिवार टाउनशिप में रहना जारी रखता है।
- पारादीप इकाई से इफको की सहायक कंपनियों में प्रतिनियुक्ति पर इफको कर्मचारी।

<u>लोगो (Logo) रचना हेतु दिशानिर्देश</u>

- लोगो पूर्ण रूप से मौलिक होना चाहिए, इसमे किसी भी प्रकार से पूर्व मे हुए IUCF आयोजन मैं प्रयोग किए गए लोगो की झलक या दोहराव नहीं होना चाहिए।

- लोगो निम्नलिखित सूचनाओं को अंतर्निहित किए हुए होना चाहिए।

1. **१२वां अंतर इकाई सांस्कृतिक महोत्सव २०२५**

2. **इफको पारादीप इकाई**

3. यूरिया एवं DAP नैनो बोतलों की छवि (निम्नानुसार)

4. इफको की छवि - पूर्णतः सहकारी स्वामित्व (निम्नानुसार)

5. नृत्य, नाटक एवं संगीत की प्रतीकात्मक छवियाँ

<u>आवेदन जमा करने के नियम</u>

- लोगो को A4 साइज़ पेपर मे कलर प्रिंट करके सीलबंद लिफाफे मे जमा करना होगा ।

- प्रतिभागी को अपना नाम, कार्मिक संख्या एवं अपनी सम्पर्क मोबाइल संख्या लिखना होगा ।

आश्रित प्रतिभागी को अपना नाम, अपने पिता / माता का नाम, संपर्क मोबाइल संख्या एवं उनका कार्मिक संख्या लिखना होगा ।

- A4 साइज़ पेपर मे लोगो के अतिरिक्त कोई अन्य सूचना ना हो अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

- सीलबंद लिफाफा केवल नव प्रशासनिक भवन के स्वागत कक्ष मे रखे पेटी मे ही डालें।

<u>चयन एवं पुरस्कार</u>

- निर्यायक मण्डल सभी आवेदनों की समीक्षा करके एक लोगो का चयन करेगा जिसका उपयोग आयोजन मे किया जाएगा।

- निर्णायक मण्डल का निर्णय अंतिम एवं सभी को मान्य होगा।

- IUCF 2025 के ग्रांड फिनाले के दौरान विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा।

<u>आवेदन की अंतिम तिथि: 2nd मार्च 2025</u>

आप के पास इस प्रतिष्ठित आयोजन मे योगदान करने एवं अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का यह सुनहरा अवसर है। कृपया शीघ्र करिए, अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का उपयोग करके अपनी उत्कृष्ट कृति को जमा कीजिये।

अ.कु.सिंहा
11/2/25

अशोक कुमार सिंहा

सयुंक्त महाप्रबंधक - भंडार / समन्वयक, सांस्कृतिक समिति

IUCF 2025